कार्रवाई | आरोपियों से 5 ट्रैक्टर जब्त, निजी वाहनों से पहुंचकर मारा छापा

# अवैध रेत खनन पर पुलिस का एक्शन, 4 गिरफ्तार



**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट में रविवार को हट्टा पुलिस ने अवैध रेत खनन और परिवहन के खिलाफ कार्रवाई की है। वैनगंगा नदी के मंगोली खुर्द घाट से पांच ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किए गए और चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

थाना प्रभारी अविनाश राठौड़ ने बताया कि उन्हें रेत घाट से लगातार अवैध खनन की सूचनाएं मिल रही थीं। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर इस मामले में कार्रवाई के लिए एक पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने निजी वाहनों और बाइक्स का उपयोग कर मंगोली खुर्द स्थित वैनगंगा नदी के घाट पर छापा मारा। इस दौरान अवैध रूप से रेत का खनन और परिवहन कर रहे पांच ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया गया और चार आरोपियों को हिरासत में लिया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान पिपरझरी निवासी प्रकाश राउत, मोहपत राउत, संजय बोपचे और रामपायली थाना क्षेत्र के दिनेरा निवासी परमेश्वर ठाकरे के रूप में हुई है। ये सभी ट्रैक्टर-ट्रॉली में अवैध रेत का खनन कर परिवहन की तैयारी में थे। आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 303(2), 317(5) और खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 4(1), 4(1ए), 21 के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई में एएसआई दिनेश जायसवाल, प्रधान आरक्षक सतीश पारधी, विनोद कुमरे, द्वारिकानारायण दुबे, आरक्षक विष्णु प्रताप, किशन यादव, खिलेश्वर पटले, डोमेश्वर राउत, अभिषेक मालवीय और विशेष सहयोगी दस्ता के जवान मुरलीधर दानी, कंकर बसेने, अमित गौतम, योगेश डोंगरे, यश पटले, विनय पगाडे, सरोज मरठे, अभिमन्यु पांचे शामिल थे।

# आप की बैठक में संगठन विस्तार और स्थानीय मुद्दों को लेकर हुई चर्चा

**मूलभूत समस्याओं को लेकर सड़क पर उतरकर करेंगे आंदोलन**



**नवभारत, बालाघाट।** आम आदमी पार्टी की संगठन विस्तार को लेकर रविवार को शहर के बस स्टैण्ड स्थित सार्वजनिक धर्मशाला में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। इसमें विधानसभा विंग, ब्लॉक स्तरीय समिति व पंचायत स्तरीय समिति का गठन किया जाएगा। बैठक में स्थानीय मुद्दों को लेकर भी चर्चा की गई। इसमें प्रमुख रूप से स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली पानी की समस्या को लेकर आप पार्टी द्वारा आम जनता के साथ सड़क पर उतरकर आंदोलन किया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से आप पार्टी के जिलाध्यक्ष शिव जायसवाल, ग्रामीण जिलाध्यक्ष मस्तराम डहारे, स्टेट कोऑर्डिनेटर रजनीश नायडू, जिला सचिव अनिल ब्रम्हे, हीरालाल पांचे, ओमप्रकाश जायसवाल सहित अन्य मौजूद रहे।

इस दौरान आप पार्टी जिलाध्यक्ष शिव जायसवाल व ग्रामीण अध्यक्ष मस्तराम डहारे ने कहा कि जिले में आप पार्टी के संगठन का जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में विस्तार किया जाएगा। पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ जाकर सभी विंगों का गठन किया जाएगा। इसमें विधानसभा, ब्लॉक स्तर व पंचायत समिति का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था डगमगा गई है। अस्पतालों में डॉक्टरों का अभाव है। स्वास्थ्य केन्द्रों में डिलेवरी के समय डॉक्टर उपलब्ध नहीं हो पाते है। डिलेवरी व ऑपरेशन निःशुल्क होना चाहिए लेकिन प्रसव के लिए पैसे का लेन-देन किया जाता है। जिले में शासकीय स्कूलें बंद हो रहे है। जिससे गरीब मजदूरों के बच्चे निजी स्कूलों में पढ़ाने को मजबूर है। सरकार बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देने में अक्षम साबित हो रही है। इसके अलावा ग्रामीण आदिवासी अंचलों में लोगों को स्वच्छ पेयजल नहीं मिल रहा है। आज भी ग्रामीण नालों का गंदा पानी पीने को मजबूर है। वहीं बिजली भी पर्याप्त नहीं मिल पा रही है। इससे किसान सिंचाई को लेकर परेशान है। सरकार इन गंभीर समस्याओं की ओर ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि इन मूलभूत सुविधाओं का लाभ व स्थानीय समस्याओं का शासन-प्रशासन द्वारा शीघ्र निराकरण नहीं किया जाता है तो आम आदमी पार्टी आमजनता के साथ सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी।

इस दौरान प्रमुख रूप से शरद जैन प्रदेश उपाध्यक्ष बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ, हीरालाल पांचे प्रदेश उपाध्यक्ष मजदूर विंग, जिला उपाध्यक्ष में सादिक कुरैशी, सुरेश सिंह कारे सहित अन्य उपस्थित रहे।

# हट्टा पुलिस ने गिरफ्तार किया दुष्कर्म का फरार आरोपी



**नवभारत, हट्टा।** बालाघाट के हट्टा पुलिस ने शादी के तीसरे दिन नवविवाहिता से रेप के फरार आरोपी प्रफुल्ल उर्फ राज ठाकरे (24) को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को रविवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। आरोपी वारासिवनी थाना क्षेत्र के भांडी का निवासी है।

हट्टा थाना प्रभारी अविनाश राठौड़ ने बताया कि युवती का विवाह 9 अप्रैल को हुआ था। 11 अप्रैल को वह अपने मायके पहुंची थी। इसी दिन आरोपी प्रफुल्ल ने उसे खेत की बंदी में रोका। उसने युवती से प्रेम का दावा करते हुए किसी और से शादी करने पर सवाल उठाया। युवती के विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ रेप किया और मौके से फरार हो गया।

पुलिस के अनुसार, आरोपी और पीड़िता पहले से एक-दूसरे को जानते थे। पीड़िता ने इस घटना की शिकायत महिला थाना में दर्ज कराई थी, जिसके बाद हट्टा थाना में आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

घटना के बाद से पुलिस लगातार आरोपी की तलाश कर रही थी। पुलिस ने पहले उसके गांव भांडी में खोजबीन की, लेकिन वह वहां नहीं मिला। बाद में उसकी लोकेशन नागपुर में मिली, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही वह वहां से भी फरार हो गया था।

लगातार पुलिस से बच रहे आरोपी को आखिरकार मुखबिर की सूचना पर लालबर्रा के देवगांव से रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया।

आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अविनाश राठौड़, सउनि दिनेश जायसवाल, प्रआर सतीश पारधी, विनोद कुमरे, द्वारिकानारायण दुबे, आर. विष्णु प्रताप, किशन यादव, खिलेश्वर पटले, राकेश पंचेश्वर, डोमेश्वर राऊत और अभिषेक मालवीय शामिल थे।

# कांग्रेस की कोरी कल्पना की राजनीति ढोल का पोल

**नवभारत, बालाघाट।** जिले का कांग्रेस संगठन इस समय दम तोड़ता नजर आ रहा है जिसके मूल कारण जिला अध्यक्ष की अपनी मनमानी कार्यशैली संवाद के साथ बैठकों की कमी तो वही कुछ जनप्रतिनिधि के साथ संगठन के साथी कांग्रेसी फूल की गोद में बैठकर अपना भाग्य तलाश रहे । लेकिन कुछ तो आए दिन लच्छेदार भाषण ओर कार्यों से भी संगठन का नाम डूबने में लगे है । ऐसा लगता है कि बंगाल चुनाव की तरह आने वाले चुनाव में बालाघाट से भी कांग्रेस का नाम गुम जाएगा ।

एक नया ताजा मामला अभी बीते दिनों ही देखने सुनने मिला जिसमें बालाघाट की विधायक एक बार फिर अपने भाषणों को लेकर सवालों और विवादों के केंद्र में आ गई हैं। मंच से भावनात्मक कहानियां सुनाकर तालियां बटोरने की राजनीति अब जनता की नजरों में सवाल बनती जा रही है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच दिए गए उनके हालिया बयान ने सोशल मीडिया से लेकर राजनीतिक गलियारों तक हलचल मचा दी है।

पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह के कार्यक्रम में विधायक ने दावा किया कि जब वे आठवीं कक्षा में पढ़ती थीं तब पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह जबलपुर स्थित उनके स्कूल पहुंचे थे और उनके गीत से प्रभावित होकर उन्हें 500 रुपये का नोट पुरस्कार में दिया था। लेकिन भाषण खत्म होते ही सवालों की बौछार शुरू हो गई। लोगों ने पूछना शुरू कर दिया कि आखिर उस समय 500 रुपये का नोट का चलन था कहां ।

बस फिर क्या था... सोशल मीडिया पर लोगों ने इस बयान को 'फिल्मी स्क्रिप्ट', 'भावनात्मक ड्रामा', 'राजनीतिक अभिनय' और 'कल्पना की राजनीति' बताकर जमकर निशाना साधना शुरू कर दिया।

कांग्रेस के जमीनी कार्यकर्ता जानना चाहते है कि क्या अब कांग्रेस में राजनीति तथ्यों और जमीनी कामों से नहीं बल्कि काल्पनिक कहानियों और भावनात्मक पटकथाओं से चलेगी?

क्या कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाने के लिए अब इतिहास भी बदला जाएगा । कांग्रेस के अंदर भी इस बयान को लेकर नाराजगी और फुसफुसाहट तेज हो गई है। कई वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का कहना है कि संगठन पहले ही कमजोर दौर से गुजर रहा है, ऊपर से ऐसे बयान पार्टी की बची-खुची विश्वसनीयता को भी खत्म करने में लगे हैं

राजनीतिक विश्लेषकों का साफ कहना है कि आज की जनता भावनाओं से नहीं, तथ्यों से प्रभावित होती है। सोशल मीडिया के दौर में मंच से बोला गया हर शब्द मिनटों में जांच के दायरे में आ जाता है। ऐसे में अगर नेता खुद ही तथ्यों से भटकने लगें तो जनता का भरोसा टूटना तय है।

अब बालाघाट की जनता संज्ञांके जिला अध्यक्ष ओर बैहर विधायक से जवाब मांग रही है कि जिले के साथ बैहर का विकास कहां हो रहा है । संगठन की शक्ति और एकता कहां चली गई है साथ ही अध्यक्ष ओर सभी विधायकों का आखिर जमीनी संघर्ष कहां चल रहा है । अगर यही हाल रहा तो अंजाम भाजपा ही बताएगी ये बात तो तय है । समय है अभी भी अपनी कार्यशैली , रणनीति नियत , नीति बदल लीजिए नहीं तो कही के नहीं रहेंगे ।

या फिर पूरी राजनीति सिर्फ मंचों पर सुनाई जाने वाली कहानियों, आंसुओं और तालियों तक ही सीमित रह गई है?



## श्रीमती रामबती प्रकाशचंद हजारी का निधन

**हट्टा।** नगर की प्रतिष्ठित नागरिक और सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहने वाली श्रीमती रामबती प्रकाशचंद हजारी का रविवार, 10 मई 2026 को सुबह 9:45 बजे 85 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। श्रीमती हजारी का सार्वजनिक जीवन में महत्वपूर्ण योगदान रहा। वे दो बार सहकारी समिति हट्टा में उपाध्यक्ष के पद पर रहीं, जहाँ उन्होंने किसानों और स्थानीय विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य किया। उनके मिलनसार स्वभाव और नेतृत्व की आज भी क्षेत्र में प्रशंसा की जाती है।उनका अंतिम संस्कार सोमवार, 11 मई 2026 को प्रात: 10:00 बजे स्थानीय मोक्ष धाम, हट्टा (बालाघाट) में किया जाएगा।

## प्रवेश प्रक्रिया पर उठ रहे सवाल, 700 से ज्यादा सीटें खाली

**जबलपुर, नवभारत।** शिक्षा के अधिकार के तहत इस सत्र में भी प्रवेश प्रक्रिया अपेक्षित परिणाम नहीं दे सकी। जिले में लगभग 3500 सीटें आरक्षित थीं, लेकिन लंबी आवेदन प्रक्रिया और समय सीमा बढ़ाने के बावजूद केवल 2754 बच्चों का ही प्रवेश हो पाया, जबकि 700 से अधिक सीटें खाली रह गईं। आवेदन की अंतिम तिथि पहले 31 मार्च थी, जिसे कम आवेदन और तकनीकी समस्याओं के कारण बढ़ाकर 25 अप्रैल किया गया, फिर भी स्थिति में खास सुधार नहीं हुआ। इस दौरान आरटीई पोर्टल के बार-बार डाउन होने और कई स्कूलों द्वारा समय पर सीट लॉक न करने जैसी समस्याएं सामने आईं, जिससे पूरी प्रक्रिया प्रभावित हुई। इसके अलावा अभिभावकों को सही जानकारी और मार्गदर्शन नहीं मिल पाने के कारण भी कई पात्र बच्चे आवेदन से वंचित रह गए, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में ऑनलाइन प्रक्रिया को लेकर असमंजस बना रहा।

# रोटरी क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की ऑफिशियल विजिट, 'हेल्पिंग हैंड्स' परियोजना का शुभारंभ



**नवभारत, बालाघाट।** रोटरी क्लब ऑफ बालाघाट रॉयल द्वारा डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ऑफिशियल विजिट का आयोजन शहर के होटल मल्लिकार्जुन में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ क्लब अध्यक्ष रोटेरियन संदीप असाटी द्वारा किया गया। इसके पश्चात सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा राष्ट्रगान गाया गया एवं रोटरी की परंपरा अनुसार औपचारिक रूप से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में अनुशासन, सेवा भावना एवं सौहार्द का विशेष वातावरण देखने को मिला।

कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अमित जायसवाल का क्लब सदस्यों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। उक्त कार्यक्रम में अतिथि के रूप में डिस्ट्रिक्ट की प्रथम महिला रोटेरियन पल्लवी जायसवाल एवं डॉ. ईला गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में क्लब की विभिन्न सेवा गतिविधियों, सामाजिक प्रकल्पों एवं आगामी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अमित जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि रोटरी केवल एक संगठन नहीं बल्कि समाज सेवा का ऐसा माध्यम है जो जरूरतमंद लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब ऑफ बालाघाट रॉयल लगातार जनहित के कार्यों के माध्यम से समाज में अपनी अलग पहचान बना रहा है। उन्होंने क्लब की सक्रियता, टीमवर्क एवं सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रकल्प समाज के लिए प्रेरणादायक हैं।

उन्होंने कहा कि जब किसी जरूरतमंद व्यक्ति को सही समय पर सहायता मिलती है, तभी सेवा का वास्तविक उद्देश्य पूरा होता है। रोटरी का मूल उद्देश्य मानवता की सेवा करना है और प्रत्येक सदस्य को इसी भावना के साथ कार्य करना चाहिए।

डिस्ट्रिक्ट मैनेजमेंट टीम से रोटेरियन कमलजीत सिंघ छाबड़ा ने कहा कि रोटरी क्लब ऑफ बालाघाट रॉयल ने कम समय में सेवा एवं पब्लिक इमेज के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। क्लब द्वारा आयोजित सामाजिक कार्यक्रमों एवं मीडिया के माध्यम से जनता तक पहुंचाए जा रहे संदेश सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि क्लब आने वाले समय में और भी बड़े सेवा प्रकल्पों के माध्यम से समाजहित में कार्य करेगा।

विशिष्ट अतिथि डॉ. इला गुप्ता ने कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों को वेलनेस एवं स्वास्थ्य जागरूकता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक है। नियमित व्यायाम, संतुलित आहार एवं सकारात्मक सोच व्यक्ति को स्वस्थ एवं ऊर्जावान बनाए रखते हैं। उन्होंने सभी को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने एवं समाज में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने का संदेश दिया।

# विधायक मुंजारे ने दी हाईमास्क लाईट, सभा मंच, पानी टंकी की सौगात भी दी

**लालबर्रा पंचायत में लोकार्पण, भूमिपूजन सम्पन्न**




**नवभारत, लालबर्रा।** क्षेत्रीय विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे द्वारा लालबर्रा मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्र में बड़ी सौगात दी गई है जिसका आज विधिवत लोकार्पण व भूमिपूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें ग्राम पंचायत पांडरवानी लालबर्रा में ग्राम रामजीटोला में पचास हजार किलो लीटर पानी टंकी का भूमिपूजन व लालबर्रा नगर मुख्यालय में नल जल की पुरानी पाईप लाईन को बदलकर कुल सत्रह किलो मीटर नई पाईप लाइन विस्तार कार्य शामिल है। इसी तरह लालबर्रा नगर मुख्यालय में बस स्टैंड से हाईस्कूल मार्ग पर हाई मास्क लाईट एवं बड़े शहरों जैसे स्ट्रीट लाईट निर्माण कार्य व लालबर्रा हाईस्कूल के सामने बिरसा मुंडा चौक पर सभा मंच का लोकार्पण कार्य सम्पन्न हुआ। लालबर्रा सरपंच अनीस खान ने बताया कि क्षेत्रीय विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे जी द्वारा अपने विधानसभा क्षेत्र बालाघाट लालबर्रा अंतर्गत लगातार विकास कार्य की सौगात दी जा रही है जिससे क्षेत्र की जनता में भारी हर्ष व्याप्त है विधायक अनुभा मुंजारे द्वारा जनता की मांग के अनुरूप विकास कार्य सम्पन्न किए जा रहे हैं उक्त सभी कार्यक्रम विधायक अनुभा मुंजारे जी के मुख्य आतिथ्य में व सरपंच अनीस खान विधायक प्रतिनिधि की अध्यक्षता में सम्पन्न हुए इस अवसर पर विशेष अतिथि मनीराम भॉयर अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी लालबर्रा, श्रीमती अंजू जायसवाल, शैलेश केकती विधायक प्रतिनिधि लालबर्रा हॉस्पिटल, श्री गोडगे अध्यक्ष अध्यक्ष आदिवासी समाज ब्लाक लालबर्रा, नितिन सांखला, रामनाथ सोनी, सुमित स्वामी, राजकुमार वरकडे, रामजी माने, सेवक राम यादव, कृष्ण कुमार लरहे, सेवक यादव, झंकार ऊईके, अनिल ऊईके, ऋतिक कटारे, अशोक जैन, नईम खान, शिबू चौरसिया, जैनुल आब्दीन मंसूरी, अप्पू भूपेंद्र कुमारे, दिलचंद पंचेश्वर, राजेश शरणागत, संदीप अग्रवाल,आनंद साखला, संतोष कुमार, होलेश पंचेश्वर, हरीश माने सहित ग्राम पंचायत का स्टाफ व सैकड़ों ग्रामीणजन व महिलाएं उपस्थित रहे।

लोक अदालत | प्रीलिटिगेशन के 82 प्रकरणों में 9 लाख 41 हजार 703 रूपये की वसूली

# सिविल न्यायालय बैहर में नेशनल लोक अदालत में 42 लंबित प्रकरणों में समझौता




**नवभारत, बैहर।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्राणेश कुमार प्राण व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमान सतीश शर्मा के मार्गदर्शन में नेशनल लोक अदालत दिनांक 09 मई 2026 शनिवार को सिविल न्यायालय बैहर में सुरेन्द्र सिंह गुर्जर जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति बैहर के नेतृत्व में नेशनल अदालत का शुभारंभ प्रात: 10:30 बजे न्यायाधीश गण, बार- अध्यक्ष श्री आर.के.चौहान व अधिवक्ता गण एवं बैंक व नगर पालिका व आयुष विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं न्यायालय के कर्मचारी गण की उपस्थिति में महात्मा गांधी व मां सरस्वती के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया गया।

नेशनल लोक अदालत में व्यवहार न्यायालय बैहर में कुल 4 खंडपीठ का गठन किया गया जिसमें खंडपीठ क्रमांक 11 के पीठासीन अधिकारी श्रीमान सुरेन्द्र सिंह गुर्जर जिला न्यायाधीश बैहर की खंडपीठ में नेशनल लोक अदालत ने मोटर दुर्घटना दावा छतिपूर्ति के 01 प्रकरण तथा खंडपीठ क्रमांक 12 के पीठासीन अधिकारी श्रीमान कमलेश साहू, जिला न्यायाधीश बैहर के न्यायालय से 01 प्रकरण में आपसी राजीनामा के माध्यम से समझौता हुआ। इसी प्रकार खंडपीठ क्रमांक 13 में पीठासीन अधिकारी श्रीमती शिवानी असाटी व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड बैहर के न्यायालय में आपराधिक 30 प्रकरण प्रस्तुत किए जिसमे से 23 प्रकरणों में एवं एन.आई एक्ट चैक बाउंस के 05 प्रकरण प्रस्तुत किए गये जिसमे से 03 प्रकरण में 4 लाख 31 हजार 702 रुपये के मामले का निराकरण हुआ व भरण-पोषण धारा 125 के अंतर्गत के 01 प्रकरण तथा घरेलुहिंसा के अंतर्गत 01 प्रकरण तथा 01 अन्य, कुल 29 प्रकरणों में आपसी राजीनामा के माध्यम से समझौता हुआ । इसी प्रकार खंडपीठ क्रमांक 14 में पीठासीन अधिकारी श्री संजय शाक्य व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड बैहर के न्यायालय में आपराधिक मामलों के 20 प्रकरण प्रस्तुत किए गए जिसमें से 08 प्रकरण में व सिविल वाद के 09 प्रकरण प्रस्तुत किए गए जिसमें से 03 प्रकरण में कुल 11 प्रकरण में आपसी राजीनामा के माध्यम से समझौता हुआ ।

प्री- लिटिगेशन प्रकरणों के अंतर्गत बैंकों के ऋण संबंधित 528 प्रकरण प्रस्तुत किए गए जिसमें से 29 प्रकरणों में 8 लाख 33 हजार रुपये की वसूली हुई, नगर पालिका के अंतर्गत जलकर में 164 प्रकरण प्रस्तुत किए गए जिसमें से 33 प्रकरणों में 71 हजार 657 रुपये तथा संपत्ति कर के 99 प्रकरण प्रस्तुत किए गए जिसमे 16 प्रकरणों में 28 हजार 870 रूपये की वसूली हुई ।

## नाले से निकालकर बाहर छोड़ दी गंदगी

**नवभारत, जबलपुर।** नगर निगम के नाला गैंग कर्मचारियों की कार्यप्रणाली से स्थानीय जनों में आक्रोश पनप चुका है। इसकी मुख्य वजह ये है कि कर्मचारियों ने कॉफी हाउस करमचंद्र चौक के नाले को साफ तो किया लेकिन उससे निकली गंदगी, सिल्ट को कर्मचारियों ने नाले के पास ही छोड़ दिया जिससे गंदी बदबू आ रही है। स्थानीय निवासी अविनाश मोटवानी सहित अन्यजनों का कहना है कि सफाई कर्मियों से और स्वच्छता अधिकारी अंकिता बर्मन से उन्होंने कई बार नाले की गंदगी को हटाने बोला है लेकिन उसके बाद भी अभी तक गंदगी दूर नहीं की गई है। ये पहला मौका नहीं है जब नगर निगम के सफाई अमले ने नाले से गंदगी निकालकर बाहर छोड़ दी हो इसके पहले भी गुरंदी में बीच सड़क पर गंदगी कई दिनों तक पड़ी रही। जब निगमायुक्त ने मामले में हस्तक्षेप कर जिम्मेदारों को फटकार लगाई थी तब कहीं जाकर ये गंदगी हटाई गई थी।

# शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई हो, लापरवाही नहीं बरतें

**अचानक मदनमहल थाने पहुंचे एसपी**



**जबलपुर।** महिलाओं, बच्चों, वृद्धों एवं समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशील रहते हुये इनके द्वारा की गयी शिकायतों पर तत्काल विधिसंगत कार्यवाही करते हुये तत्काल राहत पहुंचाएं, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नही होना चाहिये। यह बातें पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने अचानक मदनमहल थाने का निरीक्षण करते हुए कहीं। इस दौरान उन्होंने लंबित शिकायतों का शीघ्र संतुष्टीपूर्ण निकाल करने निर्देश दिए। थाने में पंजीबद्ध अपराधों की समीक्षा करते हुये लंबित अपराधों के निकाल के सम्बंध मे आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने जप्ती माल, आर्म्स एम्यूनेशन, राईट ड्रिल सामग्री का रख रखाव चैक करते हुये हवालात चैक किया, साथ ही थाने में संधारित किये जाने वाले रजिस्टरों एवं शिकायत रजिस्टर को चैक किया कि थाने में संधारित कि ये जाने वाले रजिस्टर अपडेट हैं कि नहीं। निरीक्षण के दौरान नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली रीतेश कुमार शिव एवं थाना प्रभारी मदनमहल धीरज राज उपस्थित रहे।

# नेपाल के लिए जबलपुर होकर चलेगी भारत गौरव ट्रेन

**जबलपुर, नवभारत।** मध्य प्रदेश के तीर्थ यात्रियों के लिए इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन लिमिटेड एक शानदार सौगात लेकर आया है। आगामी 12 जून को इंदौर से पशुपतिनाथ (नेपाल) दर्शन यात्रा के लिए विशेष भारत गौरव डीलक्स एसी ट्रेन रवाना होगी। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस यह ट्रेन श्रद्धालुओं को नेपाल के धार्मिक और प्राकृतिक स्थलों का भ्रमण कराएगी। आईआरसीटीसी के संयुक्त महाप्रबन्धक (पर्यटन) राजेंद्र बोरबन ने बताया कि यह ट्रेन मध्य प्रदेश के विभिन्न प्रमुख स्टेशनों से होकर गुजरेगी, जिससे प्रदेशभर के यात्री इसमें शामिल हो सकेंगे। इसके मुख्य स्टॉपेज इंदौर (प्रस्थान स्थल), उज्जैन, शुजालपुर, सीहोर, रानी कमलापति (भोपाल), इटारसी, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी और सतना रहेगा।